दिनांक 02.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम भिलाई के सभी जोन अन्तर्गत 70 वार्डो में संचार क्रांति योजना के तहत् निःशुल्क स्मार्ट फोन वितरण के लिए सभी जोन के आयुक्त एवं इस योजना से जुडे प्रभारी अधिकारियों के द्वारा शिविर का आयोजन कर पंजीकृत हितग्राही जो शिविर स्थल पर पहॅुचे उन्हें ई–पावती प्रदान की गई। तथा स्मार्ट फोन वितरण के संबंध में जानकारी दी गई। निगम क्षेत्र के सभी जोन के अन्तर्गत कुल 36929 पंजीकृत हितग्राहियों को निशुल्क स्मार्ट फोन का वितरण किया जावेगा।

राज्य शासन के निर्देशानुसार संचार क्रांति योजना के अन्तर्गत निशुल्क स्मार्ट फोन का वितरण किया जाना है। जिस हेतु निगम प्रशासन के द्वारा आवश्यक सभी तैयारी की जा चुकी है। प्रारंभिक चरण में ई–पातवी का कार्य संपादित किया जा रहा है। स्मार्ट फोन वितरण हेतु कुल 08 वितरण केन्द्र बनाया गया है। जहॉ से पंजीकृत हितग्राहियों को स्मार्ट फोन का वितरण किया जावेंगा। श्री चौहान ने इस कार्यक्रम में संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों के आदेश के साथ–साथ सम्पूर्ण रूप रेखा का आदेश प्रसारित किया गया है।

श्री चौहान ने क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि आप लोगों के द्वारा स्मार्ट फोन प्राप्त करने हेतु पूर्व में जो आवेदन जमा कराए गए है। उस आवेदन की पावती के साथ अपने वार्ड में लगे शिविर में उपस्थित होवें एवं इस योजाना के संबंध में अधिक जानकारी हेतु वार्ड में उपस्थित निगम के अधिकारी, कर्मचारी से प्राप्त कर सकते है।

जनसंपर्क अधिकारी